अव्यवस्थाओं एवं विवादों के बीच सांसद खेल महोत्सव आयोजित

दूषित भोजन खाने से खिलाड़ी हुए बीमार, कटनी में हुए भर्ती

नवभारत न्यूज

पन्ना 26 दिसंबर, प्रदेश के अन्य जिलों की भांति पन्ना मे भी सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें सांसद समर्थकों एवं उनके कर्ता धर्ताओं की कारगुजारियों के चलते सांसद खेल महोत्सव भारी अव्यवस्थाओं एंव विवादों से घिरा रहा खासकर समापन कार्यक्रम में तो खिलाड़ियों के साथ कथित भाजपा द्वारा खिलाड़ियों के साथ बदसलूकी तथा अभद्रता तक किये जाने का मामला प्रकाश मे आया है।

जिसकी शिकायत कटनी के खिलाड़ियों ने सीएम ऑनलाइन 181 पर भेजी है। ज्ञात हो कि पन्ना मे खेलों के दौरान 24 दिसंबर को पॉलीटेक्निक पन्ना के ग्राउंड में खेल भावना के अनुरूप कबड्डी खेल रहे कटनी के खिलाड़ियों के साथ बदसलूकी की गई। खिलाड़ियों ने अपने साथ अभद्रता एवं मारपीट एवं पक्षपात के आरोप भी लगाये हैं। खेल के दौरान जो निर्णय रेफरी को देने का प्रावधा हैं लेकिन भाजपाई नेता अपने अनुसार निर्णय दिलाना चाहते थे जिस कारण खेल के बीच मे पहुंच गए तथा अराजकता मचाई यह पूरा घटनाक्रम वीडियो में भी वायरल हुआ है जिस कारण पूरे सांसद खेल महोत्सव की पूरे लोकसभा क्षेत्र मे जमकर थू थू हो रही है। पक्षपात पूर्ण निर्णय दिलाने के लिए भाजपा नेताओं द्वारा की गई अभद्रता से नाराज खिलाडी मैदान से हटकर नारेबाजी करने लगे, भेदभाव के आरोप लगाने लगे खिलाडी इतने व्यथित हुए कि कटनी के खिलाडी ऋषभ सोनी द्वारा 181 में भी शिकायत की गई तथा वायरल वीडिया मे ऋषभ ने बताया कि कोतवाली पन्ना से भी फोन आया था कि 181 में तुमने कैसे शिकायत की तुरंत कोतवाली आओ लेकिन हमारे साथ मे और भी बहुत से खिलाड़ी थे तो बच गए अन्यथा हम कोतवाली मे होते। उन्होंने यह भी बताया कि यहां जो खेल हो रहे हैं वह पूर्णता राजनीतिक है तथा भेदभाव कर पन्ना टीम को जिताने का प्रयास किया जा रहा है।

दूषित भोजन खाने से खिलाड़ी हुए बीमार

बीते एक महीने से चल रहे सांसद खेल महोत्सव का आज पन्ना जिला मुख्यालय में समापन हुआ, इस दौरान एक बड़ी घटना हो गई। बच्चों को दिए गए दूषित खाना खाने से 8 बच्चे बीमार हो गए। जिससे उनकी हालत बिगड़ गई। इस घटना से हड़कम्प मच गया है। आनन फानन में सभी बच्चों को उपचार के लिए कटनी जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है जानकारी के मुताबिक सांसद खेल महोत्सव में कटनी जिले से 40-50 बच्चे पन्ना जिला मुख्यालय में आयोजित समापन समारोह में सम्मिलित होने गए थे। इस दौरान यहां बच्चों को दूषित खाना वितरित किया गया। जिसके सेवन से 8 बच्चों की हालत बिगड़ गई। कटनी की महिला खिलाड़ी मुस्कान सिंह ने बताया कि खराब भोजन खाने से खिलाड़ी बीमार हुये है सुबह खिलाड़ियों को सब्जी पूडी दी गई। शाम को मात्र दाल चावल दिया गया। जो गुणवत्ताहीन था जिस कारण खिलाड़ी बीमार हो गये और उनका इलाज चल रहा है।

तहसीलदार गुनौर ने नियम विरुद्ध खाद विक्रेता की दुकान को किया सील

नवभारत न्यूज

गुनौर/पन्ना 26 दिसंबर, शासन द्वारा खाद वितरण की लगातार आपूर्ति के बाद खाद् वितरण प्रभारी द्वारा की जा रही गड़बड़ी की खबरें मीडिया में प्रकाशित होने एवं किसानों की समस्याओं को संज्ञान में लेते हुए वितरण केन्द्रो का निरीक्षण भी किया जाता जाता है। जिसमें शिकायतें मिल रही थी कि प्राइवेट दुकानदारों द्वारा महंगे दामों में खाद बेची जा रही है।

इन्हीं शिकायतों के चलते अवैध रूप से महंगे दामों में खाद विक्रय करने वाले विक्रेताओं को चिन्हित किया गया है । उसी कड़ी में आज खाद विक्रेता दिनेश जैन की दुकान में तहसीलदार रत्न राशि पांडे ने राजस्व अमला एवं पुलिस बल के साथ छापामार कार्रवाई की। जिसमें खाद विक्रेता द्वारा भंडारित खाद के दस्तावेज तुरंत प्रस्तुत न करने पर प्रथम दृष्टया गड़बड़ी प्रतीत होने पर दुकान एवं गोदाम को सील कर दिया गया है। सवाल यह उठता है कि इतने लंबे समय से अवैध रूप से महंगे दामों में खाद बिक रही थी।

कृषि विभाग के निरीक्षण अधिकारी क्या कर रहे थे यह प्रश्न जनता विभाग के जिम्मेदारों से पूछती है। सत्यता यह है कि यह तो एक बानगी मात्र है मामले की बारीकी से जांच हो जाए तो कई प्रश्नों के उत्तर मिल सकते हैं दुकानदार को खाद कहां से मिलती थी। अवैध खाद उपलब्ध कराने वालों को कैसे संतुष्ट किया जाता था। कृषि विभाग के निरीक्षण अधिकारियों ने आज तक निरीक्षण क्यों नहीं किया। इन प्रश्नों के उत्तर अभी आना बकाया है। फिलहाल इस कार्यवाही से अवैध रूप से महंगे दामों में खाद बेचने वालों में दहशत का माहौल है।

इनका कहना हैं

तहसीलदार रत्नराशि पाण्डेय ने बताया कि सूचना मिली थी कि खाद वितरण केंद्र विपणन संघ मंडी गुनौर से एक ऑटो में खाद लाई गई जो दिनेश जैन की दुकान में उतारी गई है। प्राप्त सूचना पर दुकान को देखा गया उस खाद को खरीदने एवं रखने के दुकानदार द्वारा कोई दस्तावेज पेश नहीं किए गए। इसलिए दुकान शील् कर दी गई है जांच उपरांत नियमानुसार दुकानदार पर कार्यवाही की जाएगी।

जंगली सुअर के शिकार का आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

नवभारत न्यूज

पन्ना 26 दिसंबर, दक्षिण पन्ना वन मण्डल अंतर्गत वन परिक्षेत्र मोहंद्रा में बीट नादन के कक्ष क्रमांक 1183 में बारूद से बने देशी गोले का उपयोग कर जंगली सुअर का अवैध शिकार कर उसका मांस ले जाते हुए ग्राम रैयासांटा निवासी परम बसोर, उम्र 46 वर्ष को मौके से गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार आरोपी के कब्जे से लगभग 4 किलो 500 ग्राम जंगली सुअर का मांस, एक प्लेटिना मोटरसाइकिल तथा शिकार में प्रयुक्त औजार जप्त किए गए। आरोपी के विरुद्ध वन्यजीव संरक्षण अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर उसे न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। आरोपी के घर की तलाशी ली गई, जिसमें उसके निवास से 3 नग जीवित देशी हथगोले, पक्षियों को पकड़ने वाला जाल तथा बारूद जप्त किया गया। आरोपी को न्यायालय मे प्रस्तुत किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

बलात्संग के आरोपी को 20 वर्ष का कारावास

सहा.जि.लोक अभि.अधि. रोहित गुप्ता ने बताया कि, दिनांक 14 अक्टूबर 2024 को फरियादिया ने रिपोर्ट किया कि आज सुबह करीब 11.00 बजे की बात हैं मेरे पापा ने बकरिया छोडकर कहा कि देखे रहना मैं रोटी खां लू फिर आता हूं। तब मैं अपने घर के पीछे खेत में अपनी बकरियां चरा रही थी। चरते चरते बकरियां लच्छी अहिरवार के खेत में चली गयी थी तब मैं बकरियां लौटाने गई तो वहा पर लच्छी अहिरवार अपने खेत मे तिली हला रहा था और मेरे पास आकर हाथ पकड लिया और मेरे साथ गलत काम किया। इतने में मेरी मौसी वहां आ गयी तो लच्छीराम वहां से तुरंत भाग गया। मेरी मौसी मुझे घर लेकर आयी फिर मैंने घर में मम्मी और मौसी लोगो को पूरी बात बतायी थी। रिपोर्ट पर थाना अजयगढ़ में अभियुक्त के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर प्रकरण विवेचना में लिया गया। न्यायालय अरविन्द कुमार शर्मा, विशेष न्यायाधीश(पॉक्सो एक्ट) जिला पन्ना के न्यायालय मे प्रकरण का विचारण हुआ। शासन की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक/सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी श्रीराम यादव द्वारा की गयी। अभिलेख पर आई साक्ष्य और अभियोजन के तर्को एवं न्यायिक दृष्टांतो से सहमत होते हुए न्यायालय द्वारा आरोपी- लच्छीराम उर्फ लच्छी अहिरवार को भारतीय न्याय संहिता की धारा 65(2) एवं धारा 5/6 पॉक्सो एक्ट में 20 वर्ष का कठोर कारावास एवं 20000 रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। न्यायालय द्वारा अभियोक्त्री/पीड़िता के मानसिक स्वास्थ्य एवं सामाजिक व आर्थिक परिस्थिति को देखते हुए पीड़ित प्रतिकर योजना के तहत राशि 2,50,000/- (दो लाख पचास हजार रूपए) प्रतिकर की राशि प्रदान करने का आदेश दिया गया।

जेके सीमेंट पहुंचे सांसद एवं विधायक, हुआ स्वागत

नवभारत न्यूज

पन्ना 26 दिसंबर, जेके सीमेंट पन्ना प्लांट में खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा एवं पन्ना विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह का आगमन हुआ।

इस विशेष अवसर पर जेके सीमेंट पन्ना के यूनिट हेड कपिल अग्रवाल, एचआर हेड अवनेश कुमार गौतम एवं प्रोजेक्ट हेड मनोज मदान द्वारा दोनों जनप्रतिनिधियों का आत्मीय एवं भव्य स्वागत किया गया। अतिथियों ने सर्वप्रथम जेके सीमेंट

के आईटीआई परिसर में कंपनी के संस्थापक स्वर्गीय श्री यदूपति सिंघानिया को पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी, तत्पश्चात आईटीआई परिसर का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान अतिथियों को आईटीआई में संचालित आधुनिक तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास कार्यक्रमों एवं जेके सीमेंट द्वारा सीएसआर के अंतर्गत किए जा रहे सामाजिक कार्यों की विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर जेके सीमेंट पन्ना द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्व का परिचय देते हुए आईटीआई में अध्ययनरत छात्रों को सुरक्षा के उद्देश्य से हेलमेट वितरित किए गए, वहीं गरीब, असहाय एवं जरूरतमंद लोगों को सर्दी से बचाव हेतु कंबल प्रदान किए गए। कार्यक्रम में आईटीआई कॉलेज के प्रिंसिपल मनीष बुनकर, सीएसआर हेड मनीष कुमार शर्मा सहित जेके सीमेंट पन्ना के अधिकारीगण एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

दक्षिण वनमंडल में तीसरा नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित

नवभारत न्यूज

पन्ना 26 दिसंबर, दक्षिण पन्ना वनमंडल के शाहनगर वनपरिक्षेत्र में आज जेके सीमेंट, अमानगंज के सीएसआर एवं पर्यावरण विभाग द्वारा तीसरा नि:शुल्क स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया।

इस शिविर में वन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी, उनके परिजन, वन समिति सदस्य, स्थानीय ग्रामीण तथा मीडियाकर्मी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। शिविर में अनुभवी चिकित्सकों की टीम द्वारा सेवाएं प्रदान की गईं, जिसमें डॉ. रामजी तिवारी एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. सना अंसारी प्रमुख रूप से शामिल रहीं। शिविर में जांच हेतु सभी आवश्यक आधुनिक उपकरण एवं सुविधाएं

उपलब्ध कराई गईं। स्वास्थ्य शिविर में कुल 156 सदस्यों की ओपीडी में जांच की गई, जिनमें 46 लोगों का रक्त परीक्षण, 18 लोगों का ईसीजी परीक्षण तथा 18 लोगों की स्पाइरोमेट्री जांच की गई। सभी लाभार्थियों को चिकित्सकीय परामर्श के साथ नि:शुल्क दवाइयां भी प्रदान की गईं। इस शिविर से वनकर्मियों के परिवारों के साथ-साथ वन समिति सदस्यों एवं स्थानीय ग्रामीणों को प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त हुआ। जेके सीमेंट की ओर से डॉ. सौरभ यादव (हेड एनवायरनमेंट) अपनी सहायक टीम सुदामा गुप्ता, मनीष शर्मा (सीएसआर हेड) एवं राकेश चैरसिया के साथ उपस्थित रहे। वन विभाग की ओर से परिक्षेत्र अधिकारी राजुल कटारे एवं अन्य संबंधित अधिकारियों द्वारा कार्यक्रम का समन्वय किया गया।

अग्रणी महाविद्यालय पन्ना में उच्च शिक्षा एवं प्रशासन समन्वय बैठक हुई

नवभारत न्यूज

पन्ना 26 दिसंबर, उच्च शिक्षा विभाग, सागर संभाग के अतिरिक्त संचालक डॉ. नीरज दुबे द्वारा पन्ना जिले के समस्त शासकीय महाविद्यालयों के प्राचार्यों की "शिक्षा और प्रशासन समन्वय बैठक" का आयोजन लीड कॉलेज, प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, पन्ना में किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिरिक्त संचालक डॉ. नीरज दुबे, महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ. एच. एस. शर्मा, डॉ. एस. पी. एस. परमार, वर्तमान प्राचार्य डॉ. एस. डी. चतुर्वेदी द्वारा माँ वीणा वादिनी सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया गया।महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस. डी. चतुर्वेदी ने स्वागत भाषण में महाविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों, अकादमिक उपलब्धियों तथा संस्थागत आवश्यकताओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु महाविद्यालय सतत् प्रयासरत है। उन्होंने विश्वविद्यालय की प्रावीण्य सूची एवं गोल्ड मेडलिस्ट विद्यार्थियों की उपलब्धियों को संस्थान के लिए गौरव का विषय बताया।

अतिरिक्त संचालक डॉ. नीरज दुबे ने अपने उद्बोधन में कहा कि "आज हम अपने अधिकारों के प्रति तो सजग हैं, किंतु अब समय है कि हम अपने कर्तव्यों के प्रति भी उतने ही संवेदनशील बनें। "उन्होंने शैक्षणिक नीतियों, छात्र हितकारी योजनाओं एवं प्रशासनिक उत्तरदायित्वों पर विस्तार से चर्चा की। इस बैठक में डॉ. जे. के. वर्मा (प्राचार्य, शासकीय महाविद्यालय खोरा), डॉ. रजनी सोनी (प्राचार्य, शाहनगर), अरविल कुजूर (प्राचार्य, शासकीय महाविद्यालय अजयगढ़), डॉ. नीरज शर्मा (प्राचार्य, शासकीय संस्कृत महाविद्यालय देवेंद्रनगर), डॉ. सीमा चैरसिया (प्राचार्य, शासकीय महाविद्यालय देवेंद्रनगर), सिद्धू सिंह (प्राचार्य, शासकीय महाविद्यालय गुनौर), डॉ. राजकरण कोरी (शासकीय महाविद्यालय पवई), डॉ. नाहिद अख्तर (गवर्नमेंट गर्ल्स कॉलेज, पन्ना) सहित छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पन्ना के समस्त प्राध्यापकगण एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

अतिशय क्षेत्र श्रेयांशगिरी में 31को णमोकार मंत्र जाप एवं आदिनाथ चालीसा

विनिश्चल सागर जी आर्यिका रत्न विन्ध्यश्री माताजी ससंघ सानिध्य में आयोजन

नवभारत न्यूज

पवई 26 दिसंबर, पन्ना सतना जिला का एकमात्र जैन तीर्थ श्री दिगंबर जैन अतिशय तीर्थ क्षेत्र श्रेयांशगिरी में समाधि सम्राट बुंदेलखंड के प्रथम आचार्य श्रेयांशगिरी तीर्थोद्धारक गणाचार्य परम पूज्य 108 श्री विराग सागर जी महा मुनिराज के परम आशीर्वाद से वर्ष 2025 की विदाई 31 दिसंबर 2025 को णमोकार महामंत्र पाठ का अखंड जाप , 1008 श्री आदिनाथ भगवान का चालीसा चालीसबार , धार्मिक भजन संध्या रात्रि जागरण एवं अंग्रेजी नूतन वर्ष 01 जनवरी 2026 को प्रात: 6:30 बजे से जिन सहस्त्र मंत्रों के साथ भगवान का अभिषेक पूजन एवं उपाध्याय मुनिश्री परम पूज्य 108 विनिश्चल सागर जी महाराज ससंघ एवं आर्यिका रत्न गणनी आर्यिका पूज्य 105 विंध्यश्री माताजी ससंघ सानिध्य मे प्रात: 9:00 बजे से श्रेयांशगिरी के बड़े बाबा आदिनाथ पहाड़ के ऊपर गुफा मंदिर में एवं पहाड़ के नीचे 1008 भगवान शांतिनाथ ,1008 श्री कुन्थूनाथ भगवान , 1008 श्री अरहनाथ भगवान का बृहद महा मस्तिकाभिषेक का एवं भक्तामर महामंडल विधान का आयोजन किया जाएगा ।

दोपहर 12:00 से उपाध्याय मुनि श्री विनश्चल सागर जी महाराज का अवतरण दिवस पर विशेष धार्मिक आयोजन पूजन इसके उपरांत पट्टाचार्य , चार्य शिरोमणि महा मुनिराज परम पूज्य 108 श्री विशुद्ध सागर जी महाराज के ससंघ सानिध्य में सलेहा में आयोजित होने वाले पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव , विश्व शांति महायज्ञ गजरथ महोत्सव के प्रमुख पात्रों का चयन अनुभवी और प्रतिष्ठित प्रतिष्ठाचार्य विधानाचार्य के द्वारा संगीतमय आयोजन के साथ किया जाएगा । उक्ताशय की जानकारी देते हुए प्रबंध समिति अध्यक्ष राजकुमार जैन राजू भैया एवं समिति के पदाधिकारियों सदस्यों ने सामूहिक रूप से बताया कि वर्ष 2025 की विदाई 31 दिसंबर एवं अंग्रेजी नूतन वर्ष 01 जनवरी 2026 को दो दिन लगातार धार्मिक एवं मनोरंजक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा । आगंतुक अतिथियों के चाय नाश्ता भोजन आदि की व्यवस्था दो दिन रखी गई है सभी जैन श्रावकों , जैन समाज के गणमान्य नागरिकों एवं आमंत्रित अतिथियों से आग्रह है कि विंध्याचल पर्वत की श्रृंखलाओं में स्थित अतिशय क्षेत्र श्रेयांशगिरी की गुफाओं में विराजमान बड़े बाबा 1008 श्री आदिनाथ भगवान एवं 1008 श्री महावीर भगवान 1008 श्री पार्श्वनाथ भगवान के दर्शन कर धर्म लाभ हेतु धार्मिक आयोजन में अवश्य पधारे ।

प्राकृशास समिति पवई में वित्तीय डिजिटल साक्षरता शिविर

- नरवाई पराली ना जलाने , साइबर क्राइम एवं गबन घोटाले से बचावसहित शास योजनाओं का प्रचार

नवभारत न्यूज

पवई 26 दिसंबर, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित पन्ना के निर्देशन में अंतर्राष्ट्रीय सहकारी वर्ष 2025 के तहत वित्तीय तथा डिजिटल साक्षरता शिविर-(एफ आई डी जी आई) के तहत प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित पवई के कार्यालय प्रांगण में 26 दिसंबर 2025 शुक्रवार को प्रचार प्रसार हेतु संगीत के साथ गायक कलाकारों ने वित्तीय डिजिटल साक्षरता शिविर का आयोजन किया।

किसानों के फायदे , साइबर क्राइम से बचाव , गवन और घोटालों से बचाव , प्रधानमंत्री जीवन ज्योति सुरक्षा बीमा योजना,

प्रधानमंत्री अटल पेंशन योजना , डिजिटल भुगतान , धान उपार्जन में (एफ ए क्यू) धान ग्रेडिंग कराकर लाने हेतु प्रोत्साहन , खेतों में फसल के अवशेष नरवाई (पराली) ना जलाने हेतु गीतों के माध्यम से कृषकों को समझने का प्रयास किया गया । एवं भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा किसानों के हित में चलाई जा रही शासकीय योजनाओं का प्रचार प्रसार भी किया । प्रचार प्रसार टीम की गायक कलाकार मोहिनी मिश्रा , राजेश पाल हारमोनियम , अजय परिहार ढोलक , एवं मक्खन सहयोगी कलाकार ने उपस्थित सभी अधिकारी कर्मचारी एवं किसानों तथा ग्रामीणों का मन मोह लिया । वित्तीय डिजिटल साक्षरता सिविर के कार्यक्रम में समिति प्रबंधक बहादुर सिंह चौहान , सहायक समिति प्रबंधक अरुण कुमार पटेल , समिति के पूर्व अध्यक्ष राम प्रताप बागरी , पन्नालाल पटेल , राज किशोर त्रिपाठी , कृपा शंकर पटेल , रामहेत चौधरी , विजय बागरी , गिर भुवन पटेल , राजकुमार बागरी , सुरेंद्र कुमार बागरी , हीरा सिंह , राधे लाल सेन , वीरेंद्र बागरी , मगनलाल चौधरी एवं अन्य कृषक उपस्थित रहे ।

जिला रोगी कल्याण समिति की हुई बैठक

नवभारत न्यूज

पन्ना 26 दिसंबर, कलेक्टर ऊषा परमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला चिकित्सालय पन्ना की रोगी कल्याण समिति कार्यकारिणी की बैठक आहूत की गई।

इस मौके पर गत बैठक के पालन प्रतिवेदन पर चर्चा सहित आवश्यक कार्यों के लिए महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा कर अनुमोदन किया गया। साथ ही समिति के आय स्त्रोत व विभिन्न व्यवस्थाओं के बेहतर प्रबंधन पर भी विचार विमर्श हुआ। सिविल सर्जन एवं समिति के सचिव डॉ. आलोक गुप्ता द्वारा बैठक में जिला चिकित्सालय पन्ना अंतर्गत विभिन्न प्रयोजनों के लिए पानी की सुचारू व्यवस्था, एसी व कूलर के वार्षिक मरम्मत कार्य सहित मेटरनिटी वार्ड में सिस्टर चेम्बर के निर्माण, विभिन्न वार्ड व स्थलों के रेनोवेशन, आवश्यक सामग्री के क्रय तथा 250 बेड के प्रस्तावित नवीन अस्पताल निर्माण के लिए भूमि उपलब्धता इत्यादि आवश्यकताओं के संबंध में अवगत कराया गया। कलेक्टर श्रीमती परमार ने कहा कि रोगी कल्याण समिति की त्रैमासिक बैठक नियमित रूप से समय पर आयोजित की जाए। उन्होंने समिति की दुकानों के संचालन के बारे में पूछा व विभिन्न माध्यमों से आय बढ़ाने के संबंध में आवश्यक निर्देश भी दिए। साथ ही वर्तमान वित्तीय वर्ष के क्रियान्वित कार्यों की जानकारी लेकर प्रस्तावित कार्यों को नियमानुसार पूर्ण कराने, आगामी बैठक जिला अस्पताल के नवीन सभाकक्ष में आयोजित कराने सहित पार्किंग सुविधाओं के विकास, चिकित्सकों के आवासीय परिसर में पेयजल की सुचारू व्यवस्था उपलब्ध कराने तथा इस संबंध में आवश्यक कार्य व मेंटेनेंस के दृष्टिगत प्रतिमाह 200 रूपए किराया निर्धारित करने के निर्देश भी दिए। जिला कलेक्टर ने जिला अस्पताल के सामने की सड़क पर भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित करने सहित औषधि स्टोर के मरम्मत कार्य के पूर्व एसडीएम को निरीक्षण के निर्देश भी दिए। साथ ही सीएमओ को नियमित रूप से सफाई व्यवस्था के साथ दुकानों के सामने बड़े व फिक्स डस्टबिन लगवाने के लिए कहा। इसके अलावा बैठक में जिला मेडिकल बोर्ड के माध्यम से नवनियुक्त शासकीय सेवकों के प्रमाण पत्र के लिए 200 रूपए का शुल्क तथा आईपीडी शुल्क 30 रूपए करने का निर्णय भी लिया गया। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.पी. तिवारी सहित सहायक प्रबंधक डॉ. दिव्या नागवंशी, वरिष्ठ महिला चिकित्सक डॉ. मीना नामदेव, एसडीएम संजय कुमार नागवंशी, सीएमओ उमाशंकर मिश्रा एवं एनएमडीसी के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

छात्राओं को दी महत्वपूर्ण जानकारी

नवभारत न्यूज

पन्ना 26 दिसंबर, वन स्टॉप सेंटर पन्ना द्वारा शुक्रवार को जिला कार्यक्रम अधिकारी अवधेश कुमार सिंह के मार्गदर्शन में शासकीय मनहर कन्या उ.मा. विद्यालय पन्ना में जागरूकता शिविर लगाया गया।

इस अवसर पर सखी केन्द्र की प्रशासक कविता पाण्डेय द्वारा छात्राओं को वन स्टॉप सेंटर की भूमिका और कार्यों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। महिला हेल्पलाइन नंबर 181 सहित पुलिस सहायता, अस्थायी आश्रय, आपातकालीन व कानूनी सहायता तथा परामर्श सेवाओं इत्यादि के बारे में अवगत कराया गया। छात्राओं के प्रश्नों का समाधान कर साइबर क्राइम, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना व बाल विवाह की रोकथाम संबंधी प्रयासों की जानकारी भी दी गई। जागरूकता कार्यक्रम में विद्यालय प्राचार्य सहित सिटी कोतवाली थाना का महिला स्टॉफ और शिक्षकगण भी उपस्थित रहे।

जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में दिए गए निर्देश

नवभारत न्यूज

पन्ना 26 दिसंबर, कलेक्टर ऊषा परमार ने जिले में सड़क दुर्घटनाओं पर रोकथाम और सुरक्षित यातायात के दृष्टिगत जरूरी उपायों के संबंध में शुक्रवार को जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक ली।

इस मौके पर राष्ट्रीय राजमार्ग में विभिन्न स्थानों पर सड़क मरम्मत सहित ब्लैक स्पॉट समाप्त करने की कार्रवाई तथा सिमरिया-गैसाबाद मार्ग में अविलंब निर्बाध एवं सुचारू रूप से आवागमन शुरू कराने के मद्देनजर धारा 19 की तैयारी के संबंध में जानकारी ली। बैठक में सड़क निर्माण कार्यस्थल के प्रारंभिक और अंतिम छोर पर निर्माण कार्य का विजिबल बोर्ड लगाने व संपर्क नंबर दर्ज करने के निर्देश भी दिए। साथ ही खराब सड़क पर पत्थर के साथ ही मिट्टी फिलिंग कार्य पूर्ण कराने और अधिकारियों को तकनीकी आधार पर परीक्षण के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने कहा कि छतरपुर एवं सतना रोड पर सड़क निर्माण एवं मरम्मत कार्य की निरंतर मॉनिटरिंग कर शर्त मुताबिक समय सीमा में गुणवत्ता के साथ कार्य कराएं। इसके लिए ठेकेदार को पाबंद करें। चिन्हांकित स्थानों पर रोड मार्किंग, सफेद लाइन की कार्यवाही भी पूर्ण की जाए। बैठक में पन्ना नगर में बायपास गौशाला के निकट नवीन बस स्टैंड के लिए जमीन आवंटन, राष्ट्रीय राजमार्ग किनारे से वाहन मैकेनिकों को हटाकर अन्यत्र उपयुक्त स्थल पर स्थानांतरित करने, चिन्हित स्थानों पर स्पीड ब्रेकर लगवाने, बादशाह सांई चैराहा पर पॉलीटेक्निक महाविद्यालय की छात्राओं की आवागमन के दौरान सुरक्षा के मद्देनजर यहां स्थित वाहन धुलाई सेंटर को हटवाने की कार्रवाई, सत्यम पैलेस तिराहा पर बेहतर प्रकाश व्यवस्था तथा ई-रिक्शा की बहुतायत के कारण विभिन्न मार्गों पर ई-रिक्शा स्टैंड की स्थापना पर भी चर्चा हुई। कलेक्टर ने स्कूल-कॉलेज सहित ग्राम पंचायत स्तर तक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश भी दिए। बैठक में यातायात प्रभारी नीलम लक्ष्यकार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

सतर्कता एवं मॉनीटरिंग समिति की बैठक 29 को

कलेक्टर ऊषा परमार की अध्यक्षता में सोमवार, 29 दिसम्बर को दोपहर 12 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक आयोजित की गई है। जिला संयोजक द्वारा बैठक में सर्वसंबंधितों से उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है।